Seventeenth Loksabha

>

Title: Rquest to give compensation to farmers who suffered crop loss due to natural calamities and fund allocaion under Pradhan mantri Kisan Samma Nidhi.

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र बैतूल, हरदा, हरसूद, मध्य प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण मेरी आठों विधान सभाओं में भारी आर्थिक क्षति हुई है । माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से भारत सरकार के माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र बैतूल, हरदा, हरसूद क्षेत्र के मेहनतकश किसान भाइयों की व्यथा को समझें तथा निराकरण हेतु त्वरित पहल करें । मध्य प्रदेश की सरकार ने भेदभावपूर्ण तरीके से किसानों का सर्वे कराया है । आज तिथि पर्यन्त प्रभावित किसानों को मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया है । महोदय, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का भुगतान भी मेरे लोक सभा क्षेत्र के किसानों को नहीं किया गया है । मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि इस दिशा में त्वरित पहल कराने की कृपा करें ।

माननीय अध्यक्ष: श्री मारगनी भरत जी – उपस्थित नहीं ।